वर्ष- 02 अंक- 234
छपरा
12 जुलाई शनिवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### गुरुग्राम में इंटरनेशनल टेनिस खिलाड़ी की पिता ने की हत्या



**गुरुग्राम,एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम में 25 साल की जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव की उसके ही पिता ने गोली मारकर हत्या कर दी। परिजन के मुताबिक पिता ने टेनिस एकेडमी खोलने के लिए सवा करोड़ रुपए दिए थे। एक महीने बाद ही उन्होंने एकेडमी बंद करने के लिए बेटी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। घटना गुरुवार की है। परिजन के मुताबिक 15 दिन से घर में क्लेश था। बाप-बेटी में रोजाना झगड़ा हो रहा था। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि राधिका टेनिस एकेडमी चलाती थीं, जिससे अच्छी कमाई हो रही थी। उसके पिता दीपक यादव को लोग ताने मारते थे कि बेटी की कमाई खा रहा है।

### पोर्ट ब्लेयर : समुद्र में फंसी अमेरिकी नौका को भारतीय तटरक्षक बल ने बचाया



**मुंबई,एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने 10 जुलाई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के इंदिरा पॉइंट से 52 नॉटिकल मील दक्षिण-पूर्व में फंसी अमेरिकी नौका सी एंजल और इसके दो चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया। नौका में एक अमेरिकी और एक तुर्की नागरिक सवार थे, जो तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्र में अपनी नौका के खराब होने के कारण संकट में थे। भारतीय तटरक्षक बल के जहाज राजवीर ने इस जोखिम भरे अभियान को अंजाम देकर नौका को कैंपबेल बे तक सुरक्षित पहुंचाया। 10 जुलाई को सुबह 11:57 बजे, पोर्ट ब्लेयर में तटरक्षक बल के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) को चेन्नई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास से संकट सिग्नल मिला। नौका सी एंजल की पाल फट गई थी और इसका प्रोपेलर रस्सियों में उलझने के कारण पूरी तरह से काम नहीं कर रहा था।

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

#### सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी

**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में सक्रिय उग्रवादी संगठनों के खिलाफ जारी तलाशी अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने राज्य के तीन जिलों से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, गुरुवार को काकचिंग जिले के उमाथेल बाजार इलाके से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक यावोल कन्ना लूप के एक सक्रिय सदस्य को पकड़ा है। इससे पहले, बुधवार को इंफाल पश्चिम जिले के मयांग इंफाल थाना क्षेत्र के ममांग लेइकाई से इसी संगठन के एक अन्य सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किए गए इस सदस्य पर थौबल, काकचिंग और इंफाल पश्चिम जिलों में जबरन वसूली, अपहरण और नए कैडरों की भर्ती जैसे गंभीर आरोप हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को नुकसान हुआ तो फोटो दिखाइए

## एनएसए अजीत डोभाल बोले- हमने पाक के आतंकी ठिकानों को किया तबाह

**नई दिल्ली,एजेंसी।** 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के बारे में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को इस ऑपरेशन के दौरान कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। IIT मद्रास में अपने संबोधन के दौरान डोभाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मीडिया ने झूठी खबरें फैलाई। मुझे एक तस्वीर भी दिखा दीजिए जिसमें भारत को नुकसान पहुंचा हो।

**स्वदेशी तकनीक पर किया गर्व :**उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण रहता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है और हमें गर्व है कि इस ऑपरेशन के दौरान हमने स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि हमने सीमापार पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था और इसमें सीमावर्ती इलाकों का एक भी ठिकाना नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक रहे और हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद किया। एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि ऑपरेशन 23 मिनट का था और इस दौरान भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने



कहा कि मुझे एक तस्वीर दिखा दीजिए, जिसमें भारत को नुकसान पहुंचा हो। यहां तक कि एक गिलास भी नहीं टूटा।


**विदेशी मीडिया पर डोभाल का निशाना :**विदेशी मीडिया पर निशाना साधते हुए अजीत डोभाल ने कहा कि उन्होंने कई चीजें कई और उन्होंने कुछ चुनिंदा तस्वीरों को आधार बनाकर पाकिस्तान के 13 एअरबेस को लेकर कई बातें कहीं। लेकिन 10 मई से पहले और इसके बाद पाकिस्तान के 13 एअरबेस की सैटलाइट तस्वीरें देखें, सब साफ हो जाएगा। बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए और उसे तबाह कर दिया।

**7 मई की रात चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर :**भारत की कार्रवाई से बौखलाकर पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की और ड्रोन और मिसाइल के जरिए हमले की कोशिश की थी। हालांकि, भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हमलों को नाकाम कर दिया था।

### भागवत बोले-75 की उम्र के बाद दूसरों को मौका मिले

## शॉल ओढ़ाने पर समझें उम्र हुई ; राउत ने कहा- मोदी 75 के हो रहे

**नागपुर,एजेंसी।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 75 की उम्र होने के बाद दूसरों को भी अवसर देना चाहिए। जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है तो इसका मतलब होता है कि हमारी उम्र हो चुकी है, अब थोड़ा किनारे हो जाना चाहिए। भागवत ने ये बातें 9 जुलाई को रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहीं। हालांकि, भागवत ने अपने बयान में पीएम मोदी का नाम नहीं लिया, लेकिन विपक्ष इसे



प्रधानमंत्री से जोड़ रहे हैं। मोदी और भागवत इस साल सितंबर में 75 साल के हो जाएंगे। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा- पीएम मोदी ने आडवाणी, मुरली मनोहर, जसवंत सिंह जैसे बड़े नेताओं को जबरन रिटायरमेंट दिला दिया था। अब देखते हैं क्या मोदी इसका खुद पालन करेंगे या नहीं।

### यह राज्य सरकार को शोभा नहीं देता, पीएम मोदी के विदेश दौरे की आलोचना करने पर सीएम मान को केंद्र की नसीहत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विदेश मंत्रालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने एक उच्च सरकारी अधिकारी की ओर से वैश्विक दक्षिण के मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों के बारे में की गई कुछ टिप्पणियों को देखा है। ये टिप्पणियां गैर-जिम्मेदाराना और निराशाजनक हैं। ऐसे बयान सरकारी अधिकारी को शोभा नहीं देते। भारत सरकार ऐसी अनुचित बयानबाजी से खुद को अलग करती है, जो मित्र देशों के साथ भारत के संबंधों को कमजोर करती हैं।

### यूपी के इटावा में स्टूडेंट्स से भरी बस डूबी

## हिमाचल में 208 सड़कें बंद, सिक्किम में दो पुल टूटे; आज म.प्र-राजस्थान में अलर्ट

**नई दिल्ली/ भोपाल/लखनऊ ,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश जारी है। पिछले 9 दिनों में बारिश, बादल फटने और लैंडस्लाइड से 46 लोगों की मौत हुई हैं। राज्य की 208 सड़कें बंद हैं। सिरमौर और कांगड़ा में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के इटावा में भारी बारिश के कारण रेलवे अंडरपास में पानी भर गया। इसमें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्टाफ और छात्राओं से भरी बस 6 फीट गहरे पानी में फंस गई। बस में सवार 24 से अधिक लोगों को एक घंटे बाद बचाया गया।

इधर, सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश जारी है। इससे सुदूर युकसोम कस्बे में लकड़ी के दो पुल टूट गए हैं। कई इलाकों से संपर्क टूट गया है।

मौसम विभाग के अनुसार आज मध्य प्रदेश और राजस्थान के पूर्वी इलाके में तेज बारिश होगी। दोनों राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली समेत 22 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।





#### गुजरातः 92 तहसीलों में बारिश

गुजरात में बीते दिनों में लगातार बारिश के बाद अब मानसून सुस्त पड़ने लगा है। राज्य के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होगी। बीते 24 घंटों में प्रदेश के 92 तहसीलों में बारिश हुई है। भावनगर के गरियाधर और सीहोर में सबसे ज्यादा 2 इंच बारिश दर्ज की गई है।

#### 13 जुलाई तक राज्यों में तेज बारिश

मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और केरल में 13 जुलाई तक तेज बारिश होगी।

### राहुल बोले-महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश

## इलेक्शन कमीशन भाजपा का काम कर रहा ; कहा- अडाणी ओडिशा सरकार चला रहे

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा में कहा- महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने नई साजिश शुरू की है। वह भाजपा के हिस्से का काम कर रहा है। अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल ने आगे कहा- महाराष्ट्र में लोकसभा और



विधानसभा के बीच में 1 करोड़ नए वोटर आ गए। आज तक पता नहीं चल पाया कि ये वोटर्स कहां से आए। हमने इलेक्शन कमीशन से कई बार कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट, वीडियोग्राफी दीजिए। उन्होंने नहीं दिया। हम इलेक्शन कमीशन और भाजपा को बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने देंगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ समावेश सभा को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल भी उनके साथ मौजूद रहे।

### कांग्रेस की आधार और वोटर कार्ड को लिंक कराने की मांग पर भाजपा का हमला, कहा- यह बेशर्मी से भरा...



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस की आधार और वोटर कार्ड को लिंक कराने की मांग पर भाजपा ने बड़ा हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि यह कांग्रेस का बेशर्मी से भरा पलटवार है। जब 2021 में भाजपा संसद में यह प्रस्ताव लेकर आई तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। अब वही कांग्रेस आधार और वोटर आईडी को लिंक करने की मांग कर रही है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर आधार को वोटर आईडी से जोड़ने के केंद्र के प्रस्ताव के खिलाफ 2021 में संसद में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को याद किया और कहा कि अब कांग्रेस भी यही चाहती है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 2021 में मोदी सरकार ने वोटर आईडी को आधार से स्वैच्छिक रूप से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस ने संसद के अंदर तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया और चिल्लाया कि आधार केवल लक्षित लाभ वितरण के लिए है। इसे वोटर आईडी से नहीं जोड़ा जा सकता! अब 2025 में कांग्रेस वोटर आईडी को सत्यापित करने के लिए आधार चाहती है। वही आधार। वही वोटर आईडी। बस पाखंड का पर्दाफाश। वोट के लिए कुछ भी - भले ही इसका मतलब बेशर्मी से पलटवार हो। इससे पहले गुरुवार को बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग की तरफ से वोटर लिस्ट की विशेष जांच कराने के एलान पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि बिहार में वोटर लिस्ट की विशेष जांच जारी रहेगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग (ईसीआई) से कहा है कि वो इस प्रक्रिया में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड को पहचान पत्र के रूप में मानने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे।

### शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे



**टेक्सास,एजेंसी।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। एक्सियम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) पहुंचे थे। एक्सियम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु के ISS स्टेशन से कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। जिसमें शुभांशु कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे थे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।

### बिजनेसमैन ने गर्ल्स-सैनिक-स्कूल के लिए दी 108 करोड़ की प्रॉपर्टी




- **बीकानेर में पाकिस्तान बॉर्डर के पास बनेगा, 2026 से शुरू होंगे एडमिशन**


**बीकानेर,एजेंसी।** बीकानेर में राजस्थान का पहला गर्ल्स सैनिक स्कूल शुरू होने जा रहा है। बीकानेर मूल के कोलकात्ता बेस्ड बिजनेसमैन पूनमचंद राठी ने स्कूल के लिए 108 करोड़ की प्रॉपर्टी दान की है।स्कूल का पहला सत्र साल 2026 में शुरू होने की संभावना है। इसके लिए देशभर से एग्जाम के जरिए बेटियों का सिलेक्शन किया जाएगा। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से करीब 150 किलोमीटर दूर जयमलसर गांव में ये स्कूल होगा।इसमें एडमिशन अगले से शुरू होंगे। शुक्रवार को एक विशेष समारोह में स्कूल के लिए दान की गई जमीन और बिल्डिंग के डॉक्यूमेंट्स सौंपने का औपचारिक कार्यक्रम होगा।इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी मौजूद रहेंगे।

**सबसे पहले जानिए- कौन है प्रॉपर्टी दान करने वाला राठी परिवार :** रामनारायण राठी परिवार बीकानेर के जयमलसर से ही संबंध रखता है। कोलकात्ता बेस्ड बिजनेस वाली इस फैमिली की गिनती बड़े बिजनेस घरानों में होती है। फैमिली का टेक्सटाइल और कंस्ट्रक्शन का बिजनेस है। बिजनेस के साथ फैमिली सोशल कार्यों में भी एक्टिव है। विशेषकर बीकानेर जिले में फैमिली की ट्रस्ट ने हॉस्पिटल वार्ड, धर्मशाला, स्कूल की बिल्डिंग सहित कई निर्माण कार्य करवाए हैं। ट्रस्ट के संचालक पूनमचंद राठी ने बताया कि उन्होंने अपने माता-पिता की याद में ये बिल्डिंग और जमीन सरकार को दान में दी है।

## केरल में सीएम पद को लेकर थरूर पहली पसंद, कांग्रेस नेता का तंज- पहले तय करें, वे किस पार्टी में

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** हाल ही में केरल में एक सर्वे हुआ, जिसमें बताया गया कि अगर केरल में अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन की सरकार बनती हो तो गठबंधन की तरफ से शशि थरूर पहली पसंद हैं। शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर इस सर्वे को लेकर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट पर कांग्रेस नेताओं ने ही थरूर को निशाने पर ले लिया है। थरूर को पोस्ट पर तंज कसते हुए केरल कांग्रेस के शीर्ष नेता के मुरलीधरन ने कहा कि पहले थरूर को तय करना चाहिए कि वे किस पार्टी में हैं।

**पार्टी तय करेगी, कौन होगा अगला सीएम :**के मुरलीधरन ने कहा कि पहले उन्हें तय करना चाहिए कि वे किस पार्टी में हैं, भले ही कोई सर्वे में आगे भी चल रहा है, लेकिन अगर यूडीएफ 2026 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो मुख्यमंत्री यूडीएफ से होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारा लक्ष्य चुनाव जीतना है और हम इस बेकार के विवाद में नहीं पड़ना चाहते।



मुरलीधरन के अनुसार, केरल कांग्रेस में कई वरिष्ठ नेता हैं, जिनके नाम पर सीएम पद के लिए विचार हो सकता है और किसी सर्वे से कोई फर्क नहीं पड़ता है। पार्टी का एक तरीका है, नियम हैं, जिनके आधार पर तय किया जाता है कि अगला सीएम कौन होगा।

**सर्वे में थरूर को मिले 28 प्रतिशत मत :**कथित तौर पर एक निजी एजेंसी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि 28.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि थरूर केरल का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सर्वेक्षण के बारे में एक समाचार पोस्ट साझा किया था, जिसके जवाब में उन्होंने हाथ जोड़ने वाला इमोजी भी जोड़ा था। केरल में अगले साल अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने हैं। मुरलीधरन ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद शशि थरूर की प्रतिक्रियाओं और थरूर और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के बीच बढ़ती दरार के बीच उन पर कटाक्ष किया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक लेख में आपातकाल की भी आलोचना की। थरूर ने लेख में लिखा कि आपातकाल को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में ही याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया। थरूर के इस लेख पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिकम टैगोर ने तीखी टिप्पणी की। टैगोर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब कोई सहयोगी भाजपा की बातों को शब्दशः दोहराने लगे तो आपने सोचने लगते हैं कि चिड़िया, तोता बन रही है। नकल, पक्षियों में अच्छी लगती है, राजनीति में नहीं।

# पहलेजा घाट से गंगा जलभरी कर जलाभिषेक के लिए कावरियों का जत्था मुजफ्फरपुर रवाना

### कांवड़ियों की सुविधा व सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सावन की पवित्र बेला शुरू होते ही सोनपुर के पहलेजा घाट धाम आस्था का केंद्र बन गया है। हर ओर शिवभक्ति का रंग चढ़ने लगा है और भक्तों की टोलियां जगह जगह दिख रहे है ।%हर-हर महादेव% और %बोल बम% के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बन गया हैं। कहते है कि सावन महीना महादेव शिवजी के लिए प्रिय महीना होता है।यह भी कहा जाता है कि इस माह में जो श्रद्धालु भगवान शिव को जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करते हैं, भगवान उनकी मनोकामनाएं पूरी करते। शुक्रवार से शुरू हुई सावन महीना के पहले दिन राज्य के कोने-कोने से भारी संख्या में कांवरिया पहुँच कर गेरुआ वस्त्र धारी गंगा में स्नान कर दक्षिण वाहिनी गंगा का जल भरते हुए बोल बम बोल बम के जयकारों के साथ बाबा हरिहरनाथ के दर्शन व जलाभिषेक करते हुए 65 किलोमीटर दूर गरीब नाथ मंदिर मुजफ्फरपुर की ओर पदयात्रा पर निकलते देख गये। पहलेजा घाट पर जगह-जगह काँवरिया के टोली देख आस्था व विश्वास के साथ भक्ति गीत गाते और बोल बम के नारे है बाबा एक सहारा है के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले में शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सारण डीएम, एसपी के दिशा निर्देश पर सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पहलेजा घाट से लेकर बाबा हरिहरनाथ सड़क मार्ग व पुरानी गंडक पुल व नये गंडक पुर तक काँवरिया मार्ग में सुविधा व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए अस्थायी स्वास्थ केन्द्र, लाईट, पेयजल के अलवा दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

बता दे की पहलेजा घाट सदियों से सावन मास में आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है यहां से हर साल लाखों श्रद्धालु पवित्र जल लेकर करीब 65 किलोमीटर की पदयात्रा कर मुजफ्फरपुर गरीब स्थान में पहुंचते हैं।सावन माह के पहला दिन करीब 5 हजार काँवरिया गंगा जलभरी कर पैदल महिला, पुरुष बच्चे बूढ़े युवा पीठी मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुआ। कांवरियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी राम जी पासवान,राजस्व अधिकारी राजकमल एवं पहलेजा थाना अध्यक्ष श्वेता कुमारी, सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन एवं एस आई पूर्णिमा कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी ने कांवड़ियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लेकर पूर्ण एक माह तक लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के सेवा देने तत्पर दिख रहे हैं।

## अवैध तरीके से बिजली चोरी करने की आरोप मे एफआइआर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत के रजिस्ट्री बाजार स्थित आरोही वस्त्रालय के प्रोपराइटर अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग कर रहा था. जिसे जांच के दौरान पकड़े जाने पर उनके खिलाफ थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता सुरज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि रोहित कुमार, पिता रामनाथ प्रसाद, (उपभोक्तासंख्या-402101156 है। आरोही वस्त्रालय रजिस्ट्री बजार, नियर एस0पीएस0 स्कुल,सोनपुर ने व्यवसायिक परिसर में अधिष्ठापित स्मार्ट प्रीपेड मीटर ( 9326.00) में है एवं उपभोक्ता के द्वारा मेन सर्विस बायर में मीटर से पहले तार को टेपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर विद्युत उर्जा का उपयोग अवैध रूप से किया जा रहा था। इस परिसर मे कुल भार-1160 वाट पाया गया। इनके इस कृत से विधुत विभाग को लगभग 43864/ की क्षति हुई है, इनसे कुल 9,326 + 43,864 = 53,190/- (तिरपन हजार एक सौ नब्बे रू0 मात्र) की वसूली की जानी है। विद्युत अधिनियम धारा 2003 के सेक्शन 135 तथा अन्य सुसंगत धराओ के तहत एफ़आईआर सोनपुर थाना में दर्ज किया गया है।

## हासिलपुर में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर में 32 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अखंड ज्योति आई हास्पिटल मस्तीचक परसा द्वारा सोनपुर प्रखंड के हासिलपुर पंचायत के राजापुर मठ पर नि~ शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें 275 लोगों के आंखों की जांच की गई जांच करने के उपरांत 32 लोग मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गये। चिन्हित मरीजों को नि~ शुल्क आपरेशन के लिए निबंधित किया गया। पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, रवि रंजन और लगनदेव यादव के सौजन्य से आयोजित चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांच डा0रवि कुमार ने किया और आंखों की सुरक्षा और सेहत के बारे में भी आम लोगों को जानकारी दी।

## पहलेजा घाट पर अतिक्रमण स्थलों पर पुनः चला प्रशासन का डंडा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** श्रावणी मेला को लेकर सोनपुर प्रशासन ने काँवरियां व श्रद्धालुओं की सुविधा और आस्था के माहौल को अव्यवस्था से बचाने के लिए पूरी कमान संभाल ली है। सारन जिला अधिकारी के निर्देश पर पहलेजा घाट परिसर में अतिक्रमण किए गए स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था लेकिन पुनः सैकड़ो दुकानदारों ने अपने-अपने दुकान सजा रखा था जहां शुक्रवार को कार्यपालक गंगा अधिकारी रामजी पासवान के निर्देश पर पहलेजा घाट धाम क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई हुई, जिसमें पुलिस सब इंस्पेक्टर पूर्णिमा कुमारी ने मोर्चा संभालते हुए विशेष सहयोग किया। उनके नेतृत्व में महिला व पुरुष पुलिस बल ने अवैध रूप से लगी दुकानों को हटवाया और श्रद्धालुओं के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित किया। उन्होंने दुकानदार को चेतावनी दिया कि अतिक्रमण किए गए स्थलों पर अगर पुनः दुकानदार द्वारा दुकान खोलते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संजय कुमार बने सारण ग्रामीण एसपी, ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी का कटिहार में हुआ स्थानांतरण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विधानसभा चुनाव से पहले बिहार सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 12 अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस फेरबदल में सारण जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) शिखर चौधरी का भी नाम शामिल है। 2020 बैच के आईपीएस अधिकारी शिखर चौधरी को अब कटिहार का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।जबकि उनके स्थान पर 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय कुमार को सारण ग्रामीण एसपी के रूप में नियुक्त किया गया है। संजय कुमार इससे पूर्व पटना में विधि-व्यवस्था और सुरक्षा के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत थे। उन्हें तेजतर्रार और अनुशासित पुलिस अधिकारी माना जाता है।यह तबादला प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है ताकि जिले में और बेहतर कानून व्यवस्था लागू की जा सके।

## भेल्दी में डबरा नदी में डूबने से छात्र की हुई मौत,मची चीख-पुकार



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**स्नान करने के दौरान शुक्रवार की दोपहर डबरा नदी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई।मृतक पीयूष कुमार (10) भेल्दी थाने के हकमा पूरब टोला गांव के रामपाल राय का पुत्र बताया जाता है।वह सातवीं कक्षा का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के हकमा पूरब टोला गांव के रामपाल राय के पुत्र पीयूष कुमार प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को भी पढ़ने के लिए गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय हकमा में गया था।वह सातवीं कक्षा का छात्र था।आधे समय के बाद वह कुछ बच्चों के साथ डबरा नदी में स्नान करने के लिए चला गया और स्नान करते समय वह डूब गया।बच्चे शोर मचाए तो ग्रामीण जुट गए। नदी में डूबने खी सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण स्कूल में पहुंच गए। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को पता चला कि वह स्नान करने के लिए नदी में गया हुआ था।पीयूष कुमार को नदी से निकालने के बाद परिजनों ने गड़खा के नीजि क्लिनिक में भर्ती कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए गड़खा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।

**छात्र पीयूष की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल** -छात्र पीयूष कुमार की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।पुत्र पीयूष का शव देखते ही मां अमिता देवी मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती पुत्र के शव से लिपटकर रोने लगती।दादा गणेश राय,दादी सरस्वती देवी का रो-रोकर बुरा हाल था।भाई प्रिंस कुमार बहन निशा कुमारी की चित्कार पत्थर को भी पिघला देने से कम था।मृत पीयूष दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था और उसका बड़ा भाई प्रिंस कुमार नौवीं कक्षा में पढ़ता है।पीयूष की मौत के बाद गांव वाले भी गम में डूबे हुए हैं।

## नाबालिग से सामूहिक रेप का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**हाजीपुर ( वैशाली ) ,एजेंसी।** वैशाली में नाबालिग बच्ची से सामूहिक रेप मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार हो गया है। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र की है। पीड़िता के पिता ने 9 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली के पुलिस अधीक्षक ने विशेष जांच टीम का गठन किया।



टीम का नेतृत्व सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार को सौंपा गया। टीम में बिदुपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक रचना कुमारी को भी शामिल किया गया।

**24 घंटे में हुई कार्रवाई :** एसआईटी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सोनू कुमार को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोनू के साथी अविनाश कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## आईपीएस जय प्रकाश सिंह ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

### श्री सिंह के छपरा सदर विधानसभा क्षेत्र से आसन्न विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)-** सारण के मांझी थाना क्षेत्र के टेघड़ा गांव निवासी एवं हिमाचल प्रदेश कैडर के आईपीएस सह अतिरिक्त पुलिस निदेशक आईपीएस जय प्रकाश सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है.हिमाचल प्रदेश सरकार के गृह-विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार श्री जय प्रकाश सिंह दिनांक 10.7.2025 की शाम को अपने कार्य-भार से मुक्त हो गये हैं. श्री सिंह ने दूरभाष पर इस खबर की पुष्टि की है. पिछले तीन-चार वर्षों से वे सारण में सामाजिक रूप से सक्रिय थे और समाज-सेवा के क्षेत्र में अपने गृह-जिला 'सारण' की सेवा करने को लेकर प्रबल इच्छुक थे. राजनीति भी समाज-सेवा का एक सशक्त माध्यम है. आगामी बिहार विधान-सभा चुनाव के मद्देनजर उनकी संभावित उम्मीदवारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है. पिछले दो-तीन दशकों का इतिहास देखा जाय तो राजनीति में परिवारवाद बढ़ता जा रहा है. संसद या विधान-मंडल में बाहुबलियों, धनबलिओं और अपराधियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है. आज बहुत कम अच्छे लोग राजनीति में आ रहे हैं क्योंकि अच्छे लोगों के पास न धनबल होता है और न बाहुबल. श्री सिंह ने 90 के दशक में एक सैनिक अधिकारी के रूप में भारतमाता की सेवा की है. एक आईपीएस अधिकारी के रूप में भी उनकी छवि साफ सुथरी व बेदाग रही है. बिहार में इसी साल विधान-सभा का चुनाव है. ऐसे में देखना होगा कि श्री जय प्रकाश सिंह किस पार्टी और क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहेंगे तथा कौन सी पार्टी उन्हें चुनाव लड़ाना चाहेगी.इस खबर को सुनते हीं क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं व बुद्धिजीवियों ने हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

## मतदाता पुनरीक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है, विपक्ष को एक बड़ा झटका लगा हैः रूडी



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** उच्चतम न्यायालय का एक बड़ा ऐतिहासिक निर्णय सुनाया है. बिहार में मतदाता पुनरीक्षण का जो कार्य चल रहा है. उस पर रोक नहीं लगायी है और कुछ सुझाव दिए हैं. इससे विपक्ष को एक बड़ा झटका लगा है. जिन मुद्दों को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफत कर रहे हैं. उक्त बातें अमनौर में अपने आवासीय परिसर में बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने पत्रकारों से कही.उन्होंने कहा कि यह समय सही मतदाताओं को जोड़ने का तथा गलत मतदाताओं को हटाने का और अपने राजनीतिक अभियान को आगे बढ़ाने का. मैं समझता हूँ कि उच्चतम न्यायालय का निर्देश का सबको अनुपालन कराना होगा. किसी प्रकार का रोक नहीं है और गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है. यह बड़ा ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया है जो हमारे संविधान में मिला है. उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग का प्रक्रिया बहुत ही पारदर्शी है. पूरे राज्य में चुनाव आयोग भलीभांति करा रहा है. इसमें अधिकार है BLO-1, BLO-2 का जहां आपत्ति दर्ज करे जहां मतदाताओं का नाम जोड़ना है उसे जोड़े. यह है कि गलत का नाम निश्चित हटे और सही का नाम निश्चित जुड़े. भाजपा और एनडीए कार्यकर्ता के रूप में चुनावी प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए गंभीरता से सभी लगे हुए है. इसके पूर्व सांसद राजीव प्रताप रूडी के नेतृत्व में उच्चतम न्यायालय के उक्त निर्देश के बाद गहनता के साथ भाजपा व एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक विनय सिंह, ज्ञानचंद मांझी, भाजपा राज्य पारिषद के सदस्य राकेश सिंह, नागेन्द्र राय, निरंजन शर्मा, बबलू सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## गोपालपुर पंचायत के वार्ड 12 के वार्ड सदस्य निर्वाचित हुई ममता कुमारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पंचायत उपचुनाव का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया।जिसमे गोपालपुर पंचायत के वार्ड सदस्य ममता कुमारी निर्वाचित हुई है।सोनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित समुदायिक भवन में प्रशासन के चाक चौबद व्यवस्था के बीच मतगणना हुई। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमां मोदी ने निर्वाचित ममता देवी को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया।उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 12 में पूर्व वार्ड सदस्य सुरेन्द्र सिंह के निधन होने के बाद यह सीट खाली था जहाँ निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप चुनाव के घोषणा किया गया था जिसमे दिनांक 9.7.25 को प्रखंड के सिर्फ गोपालपुर पंचायत में ही वार्ड सदस्य का रिक्त पद खाली होने के कारण चुनाव कराया गया था। चुनाव परिणाम में ममता कुमारी को 131 मत मिला तो वहीं इनके प्रतिद्वंदी संजय कुमार सिंह को 119 मत मिला।

## सोनपुर में मनाया गया धूमधाम से गुरु पूर्णिमा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** दक्षिण वाहिनी गंगा नदी पहलेजा घाट व सोनपुर के नारायणी नदी सहित अन्य नदियों में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर बाबा हरिहरनाथ एवं भरपुर गौरी शंकर मंदिर जल भारत स्थान सहित अन्य शिवालय में पहुंचकर भगवान महादेव की पूजा अर्चना के उपरांत सभी शिष्य अपने गुरु के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अहले सुबह से ही शिष्यों का गुरु के दरबार में ताँता लग रहा। गुरु पूर्णिमा के दिन संत महात्माओं का दर्शन एवं आशीष लेने लोग पहुंच रहे थे। शिष्यों के द्वारा संत महात्माओं व गुरु का पूजन वंदना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। वही गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतो से लोक सेवा आश्रम सोनपुर में पहुंचे शिष्यों को संबोधित करते हुए संतशिरोमणि विष्णु दास उदासीन मोनी बाबा ने कहा कि गुरु और शिष्य के मिलन का पवित्र दिन है। गुरु पूर्णिमा जो साल में एक बार अषाढ पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन गुरु के प्रति शिष्य का भाव आकाश छूता है। उसी प्रकार गुरु भी अपने शिष्य के प्रति माता-पिता से भी बढ़कर उसे आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद का पुष्प बरसाते हैं। बाबा ने कहा कि जो मनुष्य के जीवन में ज्ञान दूर करता है. वही गुरु है. शास्त्र की प्रार्थना है तमसो मा ज्योतिर्मय असदो मां सदगमय. उन्होंने आगे कहा कि सच्चा गुरु अपनी समर्थ से शिष्यों में संस्कार का शौर्य भरता है। अपने चिंतन की चारुता से चरित्र को चमकता है. गुरु अवगुणो का उन्मूलन कराता है गुणो का ग्राहक बनाकर गुण ग्रहण के योग्य बनाता है। सच्चे गुरु सचमुच नर रूप में नारायण होते हैं और जिनके शब्द शब्द में दिन कर का प्रखर प्रकाश है। बाबा ने कहा गुरु के तृण से शिष्य कभी मुक्त नहीं हो सकता। गुरु को ब्रह्मा विष्णु महेश की भांति हिंदू संस्कृति में देवत्व माना जाता है। गुरु के बिना कोई शिक्षित या ज्ञानवान नहीं हो सकता है। सही विद्या व सस्कार ग्रहण करा कर गुरु अपने शिष्यों को होनहार बना दे तभी गुरु होने का सही साधना है। गुरु पर कभी संदेह नहीं करना चाहिए। शिष्य भले ही कैसा भी हो गुरु हमेशा उसके जीवन का तारने वाले सीख ही देता है। गुरु और शिष्य के बीच मधुर संबंध होना चाहिए। मौके पर भक्त विश्वनाथ सिंह, सुनील कुमार यादव,अवध किशोर शर्मा, नित्यानंद सिंह,हरिमोहन यादव,अभय सिंह,मनीष राय, संजीत कुमार, लालबाबू पटेल, वीपीन, दामोदर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए आश्रम में आए सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। वही नौलखा मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी शिष्यों ने अपने गुरु जगतगुरु लक्ष्मणाचार्य के चरण स्पर्श कर अंग वस्त्र देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।जनकार गुरु से ही दीक्षा ग्रहण करना चाहिए।

## रसूलपुर में अतिक्रमणकारियों को प्रशासन का अल्टीमेटम



(अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते सीओ व थानाध्यक्ष)

**● 24 घंटे में फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने का निर्देश, अनदेखी पर होगी कार्रवाई**

**देवेन्द्र कुमार सिंह।**

दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)एल। शासन के मंशानुरूप पूरे प्रदेश में सार्वजनिक स्थानों और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने को अभियान चलाया जा रहा है. इसी परिपेक्ष्य में एकमा के सीओ राहुल शंकर तथा रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस बल के साथ एनएच-531 तथा रसूलपुर-चैनपुर पथ के दोनों किनारों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को 24 घंटे में हटाने के निर्देश दिए.बड़ी संख्या में पुलिस बल को आते देख कुछ दुकानदार पहले हीं अतिक्रमण हटाने में जूट गए. पुलिस ने ठेलों व खोमचों को घूम-घूम कर सामान बेचने को कहा ताकि रोजाना लगने वाले जाम से निजात मिल सके. चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे में अतिक्रमण नहीं हटवाया तो बुलडोजर चलवाकर सड़क को खाली करवाया जाएगा साथ हीं संबंधित दुकानदारों से जुर्माना वसूला जाएगा.

**सड़क पर सामान रखने से रास्ता हो गया है संकरा-** बता दें कि एनएच-531 समेत रसूलपुर-चैनपुर पथ पर और रसूलपुर-चैनपुर पथ से एनएच-531 को जोड़ने वाली सोनारपट्टी सड़क पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर सामान रख दिया जाता है,जिसके कारण रास्ता संकरा हो जाने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है,वहीं आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं. इस पर रोक लगाने के लिए शासन की ओर से निर्देश दिया गया है ।



## लालबाबू कुशवाहा पुन: बने भाजपा के सिवान जिला प्रभारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा कार्यालय रजिस्ट्री बाजार सोनपुर मे नगर मण्डल भाजपा द्वारा बाकरपुर (सोनपुर )के समाजसेवी व भाजपा नेता लालबाबु कुशवाहा जों पाटी में बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रखंड अध्यक्ष, 20 सूत्री अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए अच्छे कार्य करने के कारण पार्टी के इनके कार्यप्रणाली पर विश्वास करते हुए पुनः सिवान पश्चिमी जिला प्रभारी मनोनीत किया है। लालबाबू कुशवाहा के जिला प्रभारी बनने पर बीजेपी टीम द्वारा उनका स्वागत सोनपुर नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बबलू के नेतृत्व में उन्हें पार्टी कार्यालय में अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया। भाजयुमो के क्षेत्रीय प्रभारी डॉक्टर आशुतोष कुमार,रितेश ने कहा कि कुशवाहा के कार्य प्रणाली और विचारों से सिवान जिले के भाजपा के कुशल संगठन कौशल का लाभ सिवान के कार्यकर्ता को मिलेगा और आपकी राजनीति ख्याती बढ़े ऐसी शुभकामना है। सुनील कुमार सिंह ने कहां की लालबाबू जैसा साधारण कार्यकर्ता के जिले के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी मिल रहा है, ये भाजपा जैसा ही लोकतांत्रिक पार्टी में ही संभव है मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में यह ऊंचे पद पर कार्यरत होंगे। वही लाल बाबू कुशवाहा ने कहा कि हमें आप लोगों द्वारा जो सम्मान मिला है इसके लिए पार्टी नेतृत्व का ऋण मुझ पर हो गया है। मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धार्मिक न्यास बोर्ड समिति के सदस्य शायन कुणाल ने बाबा हरिहर नाथ मंदिर में की पूजा अर्चना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** धार्मिक न्यास बोर्ड समिति के सदस्य बनने पर शायन कुणाल पहली बार सोनपुर पहुंच कर बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर शायन कुणाल को सामजिक कार्यकर्त्ता शुभम पराशर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और मंदिर सचिव विजय लाला ने मंदिर का प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र से स्वागत किया इस।अवसर पर पवन बाबा भूटकून बाबा, बमबम बाबा सुशीलचंद्र शास्त्री, सदानंद बाबा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की बढ़ी राशि से लाभुकों के चेहरे पर आई चमक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के गांवों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि बढ़ने से बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं के चेहरे पर चमक ला दी है। इससे जहां सीधे तौर पर इनको लाभ पहुंचा है वहीं पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर देने से बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं के घरवालों में भी काफी खुशी है। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के द्वारा खाते से पेंशन की राशी भेजनें के कार्यक्रम को लेकर विडियो कांफ्रेंसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनधारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि यह योजना न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाती है बल्कि उनके जीवन में सुरक्षा और सम्मान की भावना भी पैदा करती है।सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों ने पेंशन राशि बढ़ने पर खुशी जताई है और नीतीश सरकार के इस फैसले की सराहना की है। उनका कहना है कि इससे उनके जीवन में आर्थिक आत्मनिर्भरता आएगी और सम्मान की भावना बढ़ेगी। मशरक के बड़ी मुसहर टोली गांव की महादलित महिलाओं ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। अब हम अपने दैनिक खर्चों को पूरा करने में सक्षम होंगे और इसके लिए हमें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## 24 घण्टे के अखंड अष्टयाम का शुभारम्भ

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड के गोबरही स्थित शिव शक्ति धाम मन्दिर परिसर में रविवार से प्रारम्भ होने वाले 24 घण्टे के अखंड अष्टयाम तथा सावन माह के शुभारम्भ के मद्देनजर शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। शिव मन्दिर परिसर से निकलकर गोबरही टोला,गोबरही,चेंफुल तथा ताजपुर से ड्यूमाइगढ घाट तक निकली लगभग पांच किमी लंबी कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालु शिव भक्त महिला व पुरुष आदि शामिल हुए। बाद में कलश यात्रियों ने ड्यूमाइगढ घाट से पवित्र सरयु का जल कलश में भरकर मन्दिर परिसर पहुँचे तथा भगवान भोले शंकर को जलार्पण किया। कलश यात्रा के मद्देनजर शिव मन्दिर परिसर को खास तरीके से सजाया एवम सँवारा गया था तथा मन्दिर परिसर के बाहर दर्जनों फूल माला,बेलपत्र,सौंदर्य प्रसाधन,फल व मिठाई तथा चाट समोसे एवम जलेबी आदि की दुकानें सजाई गई थी। जिनपर सुबह से ही महिला व बच्चों की भारी भीड़ देखी गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह लोगों द्वारा शर्बत एवम पेयजल के स्टॉल लगाए गए थे। मौके पर डीजे एवम बैंड बाजे की धुन पर सैकड़ों युवक एवम युवतियाँ जय शिव का जयघोष करते हुए थिरक रही थीं। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मन्दिर के संयोजक विजय सिंह,अजय सिंह,भरत सिंह सरपँच,जदयू नेता सुनील सिंह,गजेन्द्र सिंह,शिवनाथ यादव,उमेश सिंह,रिंकू सिंह,अरुण सिंह,अमरेश सिंह,शेषनाथ गिरी तथा डॉ संजीव प्रसाद आदि भी शामिल थे।

## सावन के पहले दिन शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, लगे हर-हर महादेव के जयकारे

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के विभिन्न शिवालयों में सावन के पहले दिन शुक्रवार को मंदिरों में भीड़ उमड़ पड़ी। थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर और प्राचीन चतुर्भुजी शिव मंदिर में सुबह से महिला पुरुष भक्तों की भीड़ जलाभिषेक को उमड़ पड़ी। इस दौरान भक्तों ने ÷हर हर महादेव÷ और ÷बोल बम÷ के जयकारे लगाए। सोनौली, मदारपुर,बंगरा,सेमरी, बरवा घाट समेत अन्य शिव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक किया। राम-जानकी शिव मंदिर के पुजारी टुन्ना बाबा ने बताया, ÷आज से सावन का महीना शुरू हो गया है. सावन के सोमवार को भगवान शिव के भक्त व्रत रखते हैं. सोमवार को भगवान शिव की विशेष पूजा करते हैं। आज सावन का पहला दिन है। मंदिरों में भक्तों का आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ये पूरा माह भगवान शिव को समर्पित होता है। इस पूरे माह भगवान शिव के भक्त शिव की आराधना करते हैं।

## रसूलपुर के सीआरसी पर मुख्यमंत्री नीतीश को सुनने के लिए भारी संख्या में जूटे वृद्ध पेंशनधारी

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के संकूल संसाधन केंद्रों के विद्यालय स्थित सैकड़ों की संख्या में पेंशनधारी वृद्ध ग्रामीण पुरूष महिलायें पहुंचे. माधोपुर ,योगियां लाकठ छपरा आदि हाईस्कूलों के स्मार्ट क्लासेज में टीवी पर संबोधन सुन सभी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना व बड़ाई की और 400 रूपये से 11 सौ रूपये वृद्धा पेंशन करने पर खुशी जताई. सुबह से ही गांवों से 80 वर्ष से ऊपर तक के वृद्ध महिला पुरूष पहुंचने लगे थे. पेंशनधारियों ने बताया कि उनसबों को बताया गया था कि टीवी पर भाषण सुनने चलेंगी तब हीं पेंशन का बढ़ा हुआ 1100 रूपये मिलेंगे. उधर कई सीआरसी पर भारी संख्या में जूटे पेंशनर वृद्धों के लिए गर्मी में पानी पीने तक की व्यवस्था नहीं होने से उनमें क्षोभ देखा गया. विद्यालय प्रशासन के अनुसार पानी आदि की व्यवस्था विद्यालय प्रशासन के जिम्में आदेशित नहीं था.

# आलोक ने किया कमिश्नरी एवं जिले का नाम रौशन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) वर्तमान में प्रभारी राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) ने एक बार और किया जिला ही नहीं पूरे सारण कमिश्नरी का नाम रौशन। साढा खेमाजी टोला निवासी शिक्षक त्रिपुरारी शरण सिंहा के बड़े पुत्र आलोक रंजन ने स्काउटिंग की शिक्षक के रूप में सबसे उच्च शिक्षा लीडर ट्रेनर की परीक्षा को पास कर यह योग्यता प्राप्त करने वाले सारण कमिश्नरी के दूसरे व्यक्ति के रूप में उपलब्धि हासिल कर ली है। ज्ञात हो कि आलोक रंजन के पूर्व इस योग्यता को हासिल करने वाले प्रथम व्यक्ति स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व जिला सचिव और पूर्व प्राचार्य राजेंद्र कॉलेजिएट थे वो भी कमिश्नरी के इकलौते व्यक्ति के रूप में। आलोक रंजन ने अपनी स्काउटिंग योग्यता की शुरुआत लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण उच्च विद्यालय छपरा से स्काउट मास्टर प्रमोद कुमार मिश्रा की देख रेख में प्रारंभ की और डॉ. दीना नाथ मिश्रा, ओमप्रकाश सिन्हा, त्रिवेणी



कुंवर, उमा शंकर गिरी, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सुरेश सिंह, ज्ञान्ती सिंह, मंजू वर्मा के मार्गदर्शन में सबसे पहले स्काउट से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किया। इसके बाद स्काउट मास्टर के रूप में अपनी दूसरी पारी की शुरुआत अपनी एक ओपन यूनिट चंद्रशेखर आजाद ओपन ट्रूप के स्काउट मास्टर के रूप में की और बच्चों को प्रशिक्षण देने के साथ अपनी योग्यता बढ़ाते हुए आज लीडर ट्रेनर की स्काउटिंग शैक्षणिक योग्यता भी हासिल कर ली। इसी दौरान उन्हें 2011 में जिले के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) का कार्य भार भी राज्य मुख्यालय द्वारा सौंपा गया और उन्होंने उसे बखूबी निभाई भी। जिले के बंद पड़े जिला रैली को 2018 में सम्पन्न करने के साथ साथ सारण के स्काउटिंग को विश्व के नजर में भी लाया और राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा नेपाल भूकंप त्रासदी के समय भेजी गई 25 सदस्यीय टीम में 6 रोवर रेंजर को भी भेजा जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व के साथ ही अपनी जिम्मेदारी को भी निभाई। इनकी योग्यता की बदौलत दो बार जब पूर्वी चम्पारण की स्काउटिंग संकट में थी तब अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। वर्तमान में श्री रंजन राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। ये राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कई कमिटियों के सदस्य के साथ साथ कई विषय के राज्य स्तरीय संयोजक भी हैं। बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के मुख्य राज्य आयुक्त राम कुमार सिंह, सभापति उदय शंकर सिंह, राज्य श्रीनिवास कुमार सहित तमाम अधिकारी गण ने भी आलोक रंजन के लीडर ट्रेनर उत्तीर्ण होने पर गर्व की बात बताई है।आलोक रंजन के परिवार में भी इस गौरवपूर्ण क्षण में खुशी का माहौल है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरू पूर्णिमा उत्सव सह गुरु दक्षिणा कार्यक्रम उमधा में हर्षोल्लास के साथ हुआ आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सदर प्रखंड क्षेत्र क्षेत्र उमधा ग्राम में स्थित श्री कुंवर जी कॉम्प्लेक्स में राष्टीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा समर्पण कार्यक्रम सैकड़ों स्वयंसेवकों की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने संघ के गुरु स्वरूप परम पवित्र भगवा ध्वज के समक्ष समर्पण किया। कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी व वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज सिंह उर्फ पप्पू सिंह के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया गया।

**संघ का तीसरा प्रमुख उत्सव है गुरु पूर्णिमा उत्सव**–गौरतलब है कि संघ अपने छह वार्षिक उत्सवों के माध्यम से समाज में समरसता और राष्ट-धर्म के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने का कार्य करता है। उन्हीं में से एक है गुरु पूर्णिमा उत्सव, जिसे संघ का तीसरा प्रमुख उत्सव माना जाता है। इस अवसर पर आयोजित बौद्धिक में जिला कार्यवाह संजीव जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल संघ का उत्सव नहीं, बल्कि सनातन परंपरा का भी एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह गुरु के प्रति कर्तव्य-बोध और समर्पण की भावना को जाग्रत करने का पर्व है। संघ में भगवा ध्वज को गुरु का स्थान प्रदान किया गया है और उसी के समक्ष शारीरिक एवं बौद्धिक शिक्षा दी जाती है।

उन्होंने बताया कि संघ की गतिविधियां केवल स्वयंसेवकों के समर्पण पर आधारित होती हैं। न तो संघ कभी चंदा लेता है, न दान और न ही किसी सरकार या संस्था से अनुदान।कार्यक्रम की शुरुआत भगवा ध्वज ध्वजारोहण से हुई। राष्ट भक्ति के गीत गाए गए और बौद्धिक के बाद सभी स्वयंसेवकों ने समर्पण किया। अंत में प्रार्थना व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस आयोजन में जलालपुर के खण्ड कार्यवाह अमरेंद्र जी, सह खण्ड कार्यवाह पंकज जी, समाजसेवी व वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, कमल सिंह सेंगर, परशुराम सिंह, प्रदीप कुमार, संजय कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# ओवरलोड मिट्टी लदे वाहनों से उड़ रही धूल, ग्रामीणों ने ट्रक का रोका परिवहन

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखंड के कटसा पंचायत के कटसा चौक से कोरेया जाने वाली ग्रामीण सड़क से होकर हर दिन दर्जनों ओवरलोड ट्रक व हाईवा मिट्टी लेकर अरना कोठी पहुंच रहे हैं। मिट्टी से भरे इन वाहनों को न तो ढका जाता है और न ही सड़क पर उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया जाता है। ग्रामीणों की कई बार की शिकायत के बावजूद न तो ठेकेदार और न ही केपीटीएल कंपनी के जिम्मेदारों ने कोई ठोस कदम उठाया।ग्रामीणों का कहना है कि इस ग्रामीण सड़क के दोनों तरफ घनी आबादी है। दिन-रात तेज रफ्तार से गुजरने वाले हाईवा व ट्रक से उड़ने वाली धूल से घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सड़क पर मिट्टी गिरने से एक परत सी जम गई है जिससे छोटे-बड़े हादसे भी लगातार हो रहे हैं। परेशानी से आजिज आकर शुक्रवार को रामचक गांव मोड़ पर ग्रामीण रजनीश कुमार, भानू प्रकाश, अर्पित कुमार, गुलशन



कुमार, सनी कुमार, शिवम कुमार, सोनू कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बिना ढके मिट्टी ले जा रहे ट्रकों को रोक दिया। इस दौरान लोगों ने कंपनी के कर्मियों से कहा कि तेज हवा के चलते मिट्टी उड़कर पूरे गांव में फैल रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि अब भी सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव और ढककर परिवहन की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।ग्रामीणों के हंगामे के बाद करीब 3 घंटे बाद एजेंसी के द्वारा सड़क पर पानी का छिड़काव कराया गया, जिसके बाद हाईवा से मिट्टी की ढुलाई शुरू हो सकी। ग्रामीणों ने प्रशासन से भी मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जाए और सड़क पर गिरे मिट्टी को साफ कराया जाए ताकि हादसों को रोका जा सके। नियमों के अनुसार बालू और मिट्टी लदे वाहनों को ऊपर से ढक कर ले जाना अनिवार्य है ताकि उड़ने से सड़क पर फैलाव न हो और सड़क की उम्र भी बढ़ सके। इस संबंध में एजेंसी के कर्मियों से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, मगर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# भावलपुर में अनिल सिंह सरपंच के पद पर निर्वाचित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पंचायत उपचुनाव में प्रखंड के भावलपुर पंचायत में सरपंच पद का चुनाव कराया गया था। शुक्रवार को मतगणना के बाद अनिल सिंह को सरपंच के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि सरपंच पद के लिए अनिल सिंह को 1618, मृत्युंजय सिंह को 1088, मनीष कुमार सिंह को 692 और राजकुमार सिंह को 374 वोट मिले। अनिल कुमार सिंह ने अधिवक्ता मृत्युंजय सिंह को 530 वोट से पराजित कर जीत हासिल की। जीत के बाद अनिल कुमार सिंह के समर्थकों ने जमकर खुशी मनाई और जीत के नारे लगाए। बता दे की भावलपुर ग्राम कचहरी के सरपंच पद के लिए अनिल कुमार सिंह और अधिवक्ता मृत्युंजय सिंह में आमने-सामने की टक्कर थी। दोनों तरफ से लोगों का समर्थन होने से जीत महत्वपूर्ण बन गई थी और इसको लेकर ताना



तानी बनी हुई थी। मृत्युंजय सिंह को भावलपुर से लगातार तीसरी बार संरपंच पद से हार हुई है। जीत के नवनिर्वाचित सरपंच अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वे ग्राम कचहरी को सुचारू रूप से चलाने तथा लोगों को गांव के स्तर पर न्याय उपलब्ध कराने का काम करेगे। इसके साथ उपचुनाव में तेजपुरवां से वार्ड सदस्य के पद पर दीपक कुमार, माधोपुर से पंच के पद पर बबलू कुमार, हथियार से पंच के पद पर आशा देवी, बहुआरा पार्टी से पंच के पद पर रूमा देवी और मुबारकपुर से पंच के पद पर लत्रमण सिंह पूर्व में निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए थे।

## झौआं पंचायत के मुखिया बने सब्बीर हैदर



**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** पंचायत उपचुनाव का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया।जिसमे झौआँ पंचायत से मुखिया पद के लिए सब्बीर हैदर विजयी घोषित किए गए है।भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार की सुबह आठ बजे से प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मतगणना भवन में मतगणना शुरू हुई।जिसमे मुखिया प्रत्याशी सब्बीर हैदर को 1220 मत प्राप्त हुए वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी मनोज कुमार साह को कुल 910 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार शब्बीर हुसैन ने 310 मतो से विजयी घोषित किएगए।निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी दिघवारा अमरनाथ ने निर्वाचित मुखिया सब्बीर हैदर को जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया।वही इसी पंचायत के 11 नम्बर वार्ड से एक मात्र पंच पद के लिए हुए उपचुनाव में राजा कुमार विजयी घोषित किए गए।राजा को 188 मत मिला तो वहीं इनके प्रतिद्वंदी राजू मांझी को 108 मत मिला।

## लगातार 8वें वर्ष रसूलपुर से अमरनाथ यात्रा पर भक्तों का जत्था रवाना

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** स्थानीय रसूलपुर चट्टी से शुक्रवार की सुबह लगातार आठवें वर्ष अमरनाथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए भक्तों का एक जत्था रवाना हुआ. लगातार आठवें साल अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे रसूलपुर से चप्पू चौरसिया ,पंकज सोनी,सरयुग प्रसाद ,नवादा गांव के राजेश प्रसाद , (सिसवन) के लवकुश आदि ने बाबा दुर्गेश्वर नाथ ,बाबा दूधनाथ शिवालय के साथ रसूलपुर एन एच 531 पर अवस्थित प्रसिद्ध विजय वरद हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और बर्फानी बाबा का जयकारा लगाया. श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा के दौरान बर्फानी बाबा ,वैष्णो देवी ,खाटू श्याम का दर्शन कर देश





रसूलपुर हनुमान मंदिर की पूजा अर्चना कर अमरनाथ यात्रा पर निकलते श्रद्धालु

दुनिया सहित अपने बिहार राज्य व ,जिला जवार के लिए अमन-चैन व जन कल्याण की कामना करेंगे. श्रद्धालुओं को रवाना करने के दौरान मिथलेश प्रसाद, उपमुखिया मनोज सोनी, महावीर मंदिर के पुजारी मनोज मिश्रा एवं चन्दन बाबा आदि उपस्थित रहे और यात्रियों के सुखद यात्रा के लिए मंगल कामना की ।

## मशरक सीओ को मुखिया पति ने दी धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीओ को मुखिया पति से मोबाइल पर मिली धममी। सीओ ने फोन कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी मिलने पर मशरक थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामला मशरक प्रखंड के सेमरी पंचायत के महिला मुखिया के पति बलबीर सिंह उर्फ दलबीर सिंह पिता लालबाबू सिंह सिकटी भीखम गांव निवासी से जुड़ा है। मशरक सीओ सुमंत कुमार द्वारा मशरक पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 5 जुलाई को शाम 5॰26 बजे मोबाइल नंबर 8292570798 से फोन कर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। घटना का कारण विवादित भूमि का दाखिल खारिज अपने पक्ष में कराने के लिए दबाव बनाना बताया। आवेदन में सीओ ने कहा है कि बलबीर सिंह अपराधिक मनोवृति के व्यक्ति है। प्रशासन पूर्व में 107 की कारवाई कर की जा चुकी है। सीओ ने पुलिस को दिए आवेदन में प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई करने एवं अपने सुरक्षा की गुहार लगाई है। इधर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।



## 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया बाबा महेंद्रानाथ का जलाभिषेक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** सिसवन के मेहंदार स्थित बाबा महेंद्रानाथ मंदिर में सावन के पहले दिन जलाभिषेक को लेकर शिव भक्तों का तांता लगा रहा। अलसुबह एक बजे आरती के बाद से बाबा के दर्शन के साथ जलाभिषेक शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता ही रहा। हाथ में जल का पात्र और मन में भगवान शिव के प्रति समर्पण की भावना के साथ श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव के दर्शन किए और जलाभिषेक किया। जानकारी के अनुसार पहले दिन करीब 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। मंदिर के बाहर व भीतरी भाग में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह मजिस्ट्रेट एवं महिला पुलिस बल के साथ पुरुष बल की तैनाती की गई थी। मंदिर में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालु भी भगवान शिव का जलाभिषेक करके काफी उत्साहित नजर आए। वहीं कचनार स्थित बौद्ध नाथ मंदिर, सिसवन स्थित महादेव मंदिर, चैनपुर स्थित कशेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।-

## कांग्रेस नेता डा. ख्वाजा एहतेशाम ने घायल व्यवसायी से की मुलाकात

**सिवान।** बसंतपुर में व्यवसायी चुटकुला नंद प्रसाद को नौ जुलाई की रात बदमाशों द्वारा गोली मारकर घायल करने की घटना के बाद कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ने घायल व्यवसायी से मुलाकात की। डा. एहतेशाम अहमद ने घायल व्यवसायी के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी व्यवसायी के साथ हुई इस घटना की निंदा करती है और पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करती है। डा. एहतेशाम ने महाराजगंज एसडीपीओ से बात की और उनसे इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में डा. जय शंकर, जुबेर खान, अजीत कुमार, अशफाक अहमद, अनूप यादव, मोहम्मद कैफ, दीपक राम सहित कई अन्य नेता शामिल थे। सभी नेताओं ने घायल व्यवसायी के साथ एकजुटता व्यक्त की और सरकार से कार्रवाई करने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि व्यवसायियों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है और इस घटना से स्पष्ट होता है कि वर्तमान में व्यवसायियों की सुरक्षा नहीं हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाया जाए।

## भगवानपुर : तिहरे हत्याकांड मामले में अभियुक्त पिता-पुत्र का कोर्ट में समर्पण

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के मलमलिया में चार जुलाई को तिहरे हत्याकांड से जुड़े मामले के दो अभियुक्त पिता-पुत्र ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। मामले के नामजद दो अभियुक्त शत्रुघ्न सिंह एवं उसके पुत्र पवन कुमार ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से आत्मसमर्पण करते हुए जमानत के लिए आवेदन दिया। जमानत की अर्जी पर सुनवाई की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से जमानत की अर्जी पर गंभीर विरोध दर्शाया गया। दोनों पक्षों को सुनने का पश्चात अदालत जमानत याचिका को खारिज करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेजे जाने का आदेश पारित कर दिया। इस मामले में पुलिस अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की कार्रवाई कर सकती है।विदित रहे कि गत चार जुलाई को मलमलिया में हथियारबंद गिरोह के लोगों ने बेहद उत्पात मचाते हुए तीन लोगों की तलवार से काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष के प्रमोद सिंह के बयान के आधार पर स्थानीय थाना प्राथमिकी कराई गई है, इसमें 15 लोगों को नामजद और 14 अज्ञात शामिल हैं।

## हत्याकांड के आरोपित के घर में आग लगाने के मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान )।** थाना क्षेत्र के कौड़ियां पंचायत खैरवा टोला में पदस्थापित चौकीदार लखु राम के आवेदन पर गुरुवार को अज्ञात भीड़ पर तिहरे हत्याकांड के अभियुक्त कौड़ियां फतेह राय के टोला निवासी शत्रुघ्न सिंह के घर में आग लगाने की प्राथमिकी की गई है। इस मामले में चौकीदार लखु राम ने आवेदन में कहा है कि चार जुलाई को मलमलिया में हुई तीन लोगों की हत्या के कारण ड्यूटी पर तैनात था,तभी सूचना मिली कि शत्रुघ्न सिंह के घर में हत्याकांड से आक्रोशित भीड़ ने आग लगा दी है। सूचना के आधार पर पहुंचा तो पाया कि अज्ञात लोगों द्वारा शत्रुघ्न सिंह के घर में आग लगा दी गई है। इस मामले में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि चौकीदार के आवेदन पर प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव समीप कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान श्रीनगर निवासी प्रशांत कुमार व अनिल कुमार के रूप में हुई। घायल प्रशांत ने बताया कि हम दोनों बाइक पर सवार होकर गोरखपुर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने धक्का मार दिया। इसमें हम दोनों घायल हो गए, वहीं मौके से कार चालक फरार होने में सफल रहा।

## बिंदु देवी बनीं हरपुर की सरपंच156 मतों से दर्ज की जीत

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन परिसर में शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव में हुए हरपुर पंचायत में सरपंच पद के लिए निर्वाची पदाधिकारी डा. अभय कुमार के नेतृत्व में मतगणना शुरू हुई। इसमें डाले गए 3365 मतों की गिनती की गई। बिंदु देवी ने 1392 मत प्राप्त कर उमरावती देवी को 156 मतों से हराया। उमरावती देवी को 1236 मत प्राप्त हुए। वहीं रिंकू देवी 737 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कुल तीन लोग ही अपना भाग्य आजमा रहे थे। अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार सौरभ, पर्यवेक्षक राजीव रंजन, अभय कुमार मिश्र, आलोक कुमार, मनमोहन कुमार मिश्र, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## महाराजगंज क्षेत्र में विकास अवरुद्ध

**महाराजगंज (सिवान)** ।महाराजगंज क्षेत्र में आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क की कमी है। जितने जनप्रतिनिधि हुए सबने महाराजगंज में विकास को आगे नहीं बढ़ाया। यह बातें वीआइपी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नीतीश कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को महाराजगंज स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि महागठबंधन पूरी एकजुटता के साथ खड़ी है। 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए का सफाया तय है। यहां की जनता पूरी तरह जान चुकी है। द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक गांव में जाकर एक-एक व्यक्ति से मिलकर उनके दुख दर्द को समझेंगे। मौके पर राजद नेता रामू यादव, चंदन कुमार, कौशर अली, असगर अली, दयाशंकर द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

## यूडी केस दर्ज, जांच शुरू

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महम्मदा में आठ जुलाई की रात्रि राम बच्चन महतो की झोपड़ी में आग लगने से झुलसकर मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी देवांती देवी ने गुरुवार को थाना में आवेदन कर यूडी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि मच्छर भगाने के लिए मार्टिन जलाया गया था जिससे निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। इस दौरान आग से झुलसने से उसमें सो रहे पति की मौत हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। उसने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## जिला परिषद उपचुनाव में गणेश चंद्र बाल विजयी

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज जिला परिषद क्षेत्र संख्या 31 के उप चुनाव में गणेशचंद्र बाल विजयी घोषित किए गए है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय मांझी को 8636 मतों से पराजित किया है। इस प्रकार गणेशचंद्र बाल अपने पिता चंद्रिका राम की विरासत को बचाने में सफल रहे। इस संबंध में अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ अनीता सिन्हा ने बताया कि महाराजगंज जिला परिषद क्षेत्र संख्या 31 से गणेशचंद्र बाल निर्वाचित घोषित हुए है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अजय मांझी को 8636 मतों से पराजित किए है। गणेशचंद्र बाल को कुल 12138 वैध मत प्राप्त हुआ है जबकि अजय मांझी को 3505 मतों से संतोष करना पड़ा है। अजय मांझी जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रहे हैं। अनुमंडल मुख्यालय स्थित सिहौता बंगरा हाई स्कूल सह इंटर कालेज में बनाए गए मतगणना स्थल पर शुक्रवार की सुबह सात बजे से मतों की गिनती का कार्य शुरू हुई जो दोपहर करीब तीन बजे समाप्त हुई। पर्यवेक्षक के रूप में गोपालगंज के जिला पशुपालन पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह मौजूद रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण केवल सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी : जिलाधिकारी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और योग्य दंपतियों को स्थायी व अस्थायी गर्भनिरोधक साधनों के बारे में परामर्श व सेवा प्रदान करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जिसको लेकर विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जिले भर में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में एक महिला लाभार्थी को अंतरा गर्भनिरोधक एनपीए सब कुटेनियस की सुई लगाकर इसका शुभारंभ किया गया है। जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या केवल संख्या नहीं बल्कि संसाधनों पर बढ़ता बोझ है। अगर हमें अगली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन देना है, तो हमें सबसे पहले परिवार नियोजन को अपनाना होगा। क्योंकि जनसंख्या नियंत्रण केवल सरकारी एजेंडा नहीं




बल्कि हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी को लेकर 11 से 31 जुलाई तक चलने वाला परिवार स्थिरीकरण पखवाड़ा एक ऐसा प्रयास किया गया है, जो ना सिर्फ स्वस्थ समाज बल्कि सशक्त अगली पीढ़ी की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर समाज में अब भी कई मिथक और भ्रांतियां व्याप्त हैं। विशेष रूप से पुरुष नसबंदी को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह गलतफहमी है कि इससे पौरुष शक्ति में कमी आ जाती है। वहीं कुछ लोग ठंड के मौसम में ही ऑपरेशन करवाने की बात कहते हैं, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गलत है। पुरुष नसबंदी महिलाओं की तुलना में अधिक सरल, सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है। इसमें न तो कोई कमजोरी आती है, और न ही कार्यक्षमता पर प्रभाव पड़ता है। लेकिन मिथकों को तोड़कर जिम्मेदार पिता और पति बनने की सोच को अपनाने की जरूरत है। जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही इच्छुक दंपतियों को योग्य गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी देना है। परिवार नियोजन को सामाजिक स्तर पर जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत करना और सीमित और नियोजित परिवार की सोच को प्रोत्साहन देने के अलावा पुरुषों को भी परिवार नियोजन में भागीदार बनाना है।सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण को लेकर जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल एवं जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी, गर्भनिरोधक गोलियां, कापर- टी और गर्भनिरोधक इंजेक्शन जैसी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाने को लेकर जन समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन 11 जुलाई से 31 जुलाई तक ÷परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा÷ का आयोजन किया जाना है। जिसमें आशा फैसिलिटेटर, आशा कार्यकर्ता, जीविका व स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से गर्भनिरोधक, आपातकालीन स्थायी व अस्थायी उपाय एवं परामर्श पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।इस अवसर पर सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ वंदना वर्षा, जीएनएम अर्चना कुमारी, परिवार नियोजन परामर्शी आरुती बोहरा, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, पीएसआई के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुरलीधर सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## ड्यूटी में महिला पुलिस कर्मी बड़े झुमके, नथिया व मेकअप का नहीं कर सकेंगी इस्तेमाल

- **पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में सिवान सहित सभी जिलों को जारी किया निर्देश**

**सिवान।** ड्यूटी के दौरान महिला पुलिस कर्मियों व पदाधिकारियों के आभूषण पहनने और श्रृंगार करने पर अब सख्ती लागू हो गई है। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में सिवान सहित सभी जिलों को निर्देश जारी किया है। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित महिला पुलिस कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक (विधि व्यवस्था) की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी के दौरान महिला पुलिस कर्मी बड़े आकार के झुमके, नथिया, चूड़ियां और अन्य प्रकार के श्रृंगार प्रसाधन का इस्तेमाल कर रही हैं, जो पुलिस बल की गरिमा और अनुशासन के प्रतिकूल है।

यह व्यवहार पुलिस की मर्यादा और वर्दी की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। अपर पुलिस महानिदेशक ने आदेश की प्रति सभी एसपी, रेंज के डीआइजी, आइजी और रेल एसपी को भेज दी है। निर्देश दिया है कि महिला पुलिस कर्मी ड्यूटी में रहें और अनुशासन का पालन करें। आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर कोई महिला कर्मी इस नियम की अवहेलना करती है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई विभागीय प्रक्रिया के तहत होगी और सख्ती से लागू की जाएगी। बता दें कि पुलिस मुख्यालय में 23 जून को हुई समीक्षात्मक बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई । जिसके आधार पर कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग ने 27 जून को आभूषण पहनकर ड्यूटी करने पर रोक लगा दी, आदेश नहीं मानने वाले महिला पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि मुख्यालय से आए निर्देश को सख्ती से पालन कराया जाएगा।

## सोहागरा धाम में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**सिवान।** गुठनी प्रखंड क्षेत्र सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ मंदिर में पहले दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। जानकारी के अनुसार पूरे दिन करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जल अर्पण किया। वहीं स्थानीय प्रशासन मेले की स्थिति देखकर चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की थी। मेले में भीड़ को देखते हुए महिला पुलिस के साथ थानाध्यक्ष पदाधिकारियों व पुलिस बल के साथ मौजूद थे। इसके अलावा दरौली के चकरी योगाश्रम में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की।

## सिवान ब्लड डोनर क्लब को बक्सर में रक्तदान सम्मान

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** ब्लड डोनर क्लब के लिए यह गर्व का विषय है कि ब्यूटीफुल लाइफ ओनली ऑन डोनेटिंग ब्लड बक्सर के द्वारा बक्सर की पावन भूमि पर आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह 2025 में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं समाजसेवा के लिए क्लब को रक्तदान सम्मान से सम्मानित किया गया।समारोह का आयोजन होटल वैष्णवी क्लार्क, बाईपास रोड, बक्सर में किया गया, जिसमें क्लब की ओर से प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष नीलेश वर्मा नील,उपाध्यक्ष राकेस सहाय,सचिव सतीश शर्मा,राजीव रंजन ने सहभागिता की। इस अवसर पर सिवान ब्लड डोनर क्लब द्वारा विगत वर्षों में किए गए सतत रक्तदान शिविरों, जागरूकता अभियानों एवं आपात रक्तदान सेवाओं की सराहना की गई।यह सम्मान न केवल क्लब की




प्रतिबद्धता का प्रमाणल है, बल्कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में जुड़े सभी रक्तदाताओं, कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों के उत्साह का परिणाम है।सिवान ब्लड डोनर क्लब परिवार इस सम्मान को समर्पित करता है उन सभी रक्तवीरों को, जिन्होंने समय-समय पर रक्तदान कर मानवता की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## महादेव की आराधना का विशेष माह सावन शुरू

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** हे शंभू बाबा, मेरे भोलेनाथ, तीनों लोक में तू ही तू, श्रद्धा सुमन मेरा, मन बेल पतरी, जीवन भी अर्पण कर दूं....। भक्ति, आस्था और देवों के देव महादेव की अराधना का विशेष माह सावन के आगाज के साथ ही पूरा माहौल शिवमय हो गया। शुक्रवार को पहले दिन जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मंदिरों व शिवालयों के साथ-साथ घरों में भी भगवान भोलेनाथ के भजन से श्रद्धालुओं ने दिन की शुरुआत की। इसके बाद शिव मंदिरों में जाकर श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर मुरादें भी मांगी। जलाभिषेक को लेकर अल सुबह से ही मंदिरों में भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। श्रद्धालु पूजा सामग्री के साथ शिवालय में पहुंच भगवान भोलेनाथ सहित गणेश, पार्वती, हनुमान समेत अन्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा आदि की गूंज सुनाई दी। देवाधिदेव महादेव के जलाभिषेक को लेकर दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। शहर के महादेवा पंचमुखी शिव मंदिर, फतेहपुर, डाकबंगला मोड़ शिव मंदिर, श्रीनगर स्थित शिव मंदिर, भावनाथ मंदिर, मखदुम सराय स्थित शिव मंदिर, स्टेशन रोड समेत अन्य मंदिरों व शिवालयों में शिव भक्तों ने शिवलिंग का दूध व जल से अभिषेक किया। साथ ही पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। आंदर के पड़ेजी निवासी आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में सावन महीने का विशेष महत्व है। पूरे माह भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है।

## आटो पलटने से चार घायल, तीन रेफर

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मछौता गांव के समीप सिवान-छपरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार जा रहा आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान आटो में सवार चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसमें तीन लोगों की स्थिति गंभीर बता चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर निवासी व प्रखंड कार्यालय में कार्यरत सीता राम प्रसाद की पुत्री हिना कुमारी, लोपर निवासी राधा किशुन सिंह के पुत्र रवींद्र सिंह, धानाडीह निवासी मथुरा सिंह के पुत्र बाबू लाल सिंह तथा सारण के रसूलपुर थाना क्षेत्र के डोहर निवासी मुंशी सिंह के पुत्र परमजीत सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सभी लोग आटो में सवार होकर सिवान की ओर जा रहे थे। आटो जैसे ही मछौता गांव के समीप पहुंचा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, इसमें आटो में सवार सभी लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक द्वारा हिना कुमारी, रवींद्र सिंह और परमजीत सिंह की स्थिति गंभीर देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि बाबूलाल सिंह का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा आटो को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

## पंचायतवार सहायक कार्यपालक दो पालियों में डाटा को करेंगे अपलोड

**दारौंदा (सिवान)।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए घर- घर से प्राप्त गणक प्रपत्र को पंचायतवार अपलोड करने के लिए कार्यपालक सहायक को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त सहायक कार्यपालक को दो पालियों में कार्य करना होगा। सुबह पांच बजे से 11 बजे तक तथा शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक अपलोड किया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि सहायक कार्यपालकों को प्रतिदिन अपने आवंटित समय के अनुसार मोबाइल एवं चार्जर लेकर उपस्थित रहने का दिशा-निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में सुबह पांच बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए पांडेयपुर पंचायत में कार्यपालक सहायक बृजेश कुमार को, शेरही में वसीम अंसारी को, रसूलपुर में दीपक कुमार को, पकवलिया में ओमप्रकाश कुमार को, पिनर्थु खुर्द में सद्दाम हुसैन को, रामगढ़ा में संदीप कुमार को सिरसांव में कविता कुमारी को ड्यूटी आवंटित किया गया है। वहीं दूसरी पाली में शाम पांच बजे से रात्रि के लिए हड़सर पंचायत के लिए कार्यपालक सहायक दिनकर कुमार को, कोड़ारी कला में कंचन कुमार, कौथुआ सारंगपुर के लिए विकास कुमार, रुकुंदीपुर पंचायत के लिए विकास भारती की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## व्यक्तित्व विकास वर्ग के छठे दिन न्याय, लीगल व साइबर क्राइम पर हुई चर्चा

**सिवान।** शहर के दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज परिसर में विश्व आयुर्वेद परिषद बिहार इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय व्यक्तित्व विकास वर्ग के छठे दिन शुक्रवार को चिकित्सा न्याय शास्त्र, मेडिको लीगल केसेस, साइबर क्राइम व इससे बचाव पर चर्चा की गई। प्रथम सत्र में दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शितांशु शेखर त्रिपाठी ने चिकित्सा न्याय शास्त्र, मेडिको लीगल केसेस, साइबर क्राइम एवं उससे बचाव से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर बिंदुवार प्रकाश डाला। इसके उपरांत दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के सलाहकार डा. प्रजापति त्रिपाठी ने भगवान धन्वंतरी के तैल चित्र व पुष्पगुच्छ तथा उपहार देकर उनका सम्मान किया। वहीं दूसरे सत्र में उत्तराखंड के मेडिकल आफिसर डा. अजीत तिवारी ने दैव व्यापाश्रय विषय पर व्याख्या प्रस्तुत किया। व्याख्या के उपरांत महाविद्यालय के सचिव डा. रामानंद पांडेय एवं महाविद्यालय के सलाहकार ने भगवान धन्वंतरी के तैल चित्र व पुष्पगुच्छ तथा उपहार देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डा. राजा प्रसाद, डा. उपेंद्र पर्वत, डा. पुष्कर राय, डा. अंकेश मिश्रा, डा. राजीव रंजन सहित सभी प्रतिभागी छात्र उपस्थित रहे।

## करंट लगने से युवती की मौत

**असांव(सिवान)।** थाना क्षेत्र के कटवार में शुक्रवार की सुबह करंट लगने से एक युवती की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतका की पहचान कटवार निवासी पहवारी यादव की पुत्री प्रीति कुमारी (21) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि प्रीति कुमारी अपने घर के आगे मवेशी को चारा खिला रही थी। उसी दौरान धारा प्रवाहित विद्युत तार टूटकर उसके शरीर पर गिर गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना असांव थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीन ्करंट लगने से प्रीति कुमारी की मौत के बाद मां लचिया देवी समेत अन्य स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि प्रीति तीन बहन एवं दो भाई थी। उसकी मौत के बाद बहन पूनम देवी, प्रियंका देवी, भाई जितेश यादव, कमलेश यादव समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, जदयू जिला सचिव सुशील गुप्ता, विपुल यादव, कुंदन यादव, रवि यादव आदि स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## गोली कांड में बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

**बसंतपुर(सीवान)।** थाना मुख्यालय स्थित दुकानदार चुटकुला नंद प्रसाद से लूट में असफल होने के बाद बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी थी। गोली उनके बाएं जांघ को छेदते हुए बाहर निकल गई थी। इस मामले में घायल के पुत्र गोल्डेन कुमार के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। प्राथिकी के बाद पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सीसी कैमरे की जांच के बाद कुछ सूत्र हाथ लगे हैं। उन्हीं के आधार पर घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द घटना में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं घायल दुकानदार गुरुवार की दोपहर बाद इलाज के बाद घर लौट आए। चिकित्सक ने अभी उन्हें आराम करने की हिदायत दी है। वहीं मामले में घायल के पुत्र ने बताया कि दुकान में पहले चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। पिछले साल के अंतिम माह में दुकान पर एक घटना हुई थी। वैसे इस घटना की सूचना प्रशासन को नहीं दी गई थी। वहीं दूसरी तरफ अब दुकान भी आम दिनों की तरह खुल रहे हैं। बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगी है। वहीं गोली लगने की घटना ने पूरे परिवार को दहशत में है।